विषय कोड :
Subject Code : **101**

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**B**

# SECONDARY EXAMINATION – 2019
## (ANNUAL)
## MT-HINDI
## मातृभाषा – हिन्दी

प्रश्न–पत्र पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No. 101-0640-142

कुल प्रश्नों की संख्या: 56
**Total No. of Questions: 56**

(समय: 3 घंटे 15 मिनट)
[Time: 3 Hours 15 Minutes]

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
**Total No. of Printed Pages: 16**

(पूर्णांक: 100)
[Full Marks: 100]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश:–***
***Instructions for the candidates:***

1. *परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
3. *इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
4. *यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड – अ एवं खण्ड – ब ।*
5. *खण्ड - अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR – उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।*
6. *खण्ड – ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित है।*
7. *किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का उपयोग वर्जित है।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड –अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*प्रश्न संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR – शीट पर चिन्हित करें।* (50×1=50)

1. भारत में बेरोजगारी का मुख्य कारण है –

(A) जाति प्रथा (B) दहेज प्रथा

(C) अशिक्षा (D) भ्रष्टाचार

2. लक्ष्मी.......................कहानी की केन्द्रीय पात्र है।

(A) ढहते विश्वास (B) धरती कब तक घूमेगी,

(C) माँ (D) नगर

3. शुद्ध वाक्य है –

(A) आज की ताजी खबर (B) रोटी ताजी है

(C) दाल अच्छा है (D) हवा बहता है

4. 'सर्वनाम' का भेद है –

(A) संबंधवाचक (B) द्रव्यवाचक

(C) व्यक्तिवाचक (D) भाववाचक



BiharboardQuestionpaper.com

5. दुर्दान्त मानवीय विभीषिका का चित्रण करने वाली कविता है –

(A) एक वृक्ष की हत्या
(B) अक्षर ज्ञान
(C) हिरोशिमा
(D) जनतंत्र का जन्म

6. 'सदियों की ठंडी बुझी राख सुगंबुगा उठी, मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है'। यह पंक्ति है –

(A) दिनकर की
(B) निराला की
(C) महादेवी की
(D) अज्ञेय की

7. मैक्स मूलर ने..................वर्ष की अवस्था में लिपजिंग विश्वविद्यालय में संस्कृत का अध्ययन प्रारंभ किया।

(A) पन्द्रह
(B) सोलह
(C) सत्रह
(D) अठारह

8. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म किस राज्य में हुआ?

(A) बिहार
(B) मध्यप्रदेश
(C) गुजरात
(D) महाराष्ट्र

9. 'मेरे बिना तुम प्रभु' पाठ के लेखक हैं –

(A) नलिन विलोचन शर्मा
(B) अशोक वाजपेयी
(C) वीरेन डंगवाल
(D) रैनर मारिया रिल्के

10. 'सरहपाद' की कृति है –

(A) दोहाकोश
(B) पृथ्वीराज रासो
(C) मृच्छकटिकम
(D) मेघदूतम्


BiharboardQuestionpaper.com

11. स्वर संधि का उदाहरण है –

(A) वाग्देवी (B) आच्छादन

(C) वधुत्सव (D) पुनर्जन्म

12. पंडित बिरजू महाराज का जन्म.........................ई. में हुआ।

(A) 1935 (B) 1936

(C) 1937 (D) 1938

13. लेखक को मछली खाने से किसने मना किया?

(A) पिता ने (B) माँ ने

(C) भाई ने (D) बहन ने

14. पंडित बिरजू महाराज.............................साल के थे तभी उनके पिता का देहावसान हो गया।

(A) साढ़े नौ (B) दस

(C) बारह (D) तेरह

15. 'दही वाली मंगम्मा' पाठ के लेखक हैं –

(A) श्रीनिवास (B) साँवर दइया

(C) सुजाता (D) इनमें से कोई नहीं

16. निम्नलिखित में से विशेषण का भेद नहीं है –

(A) प्रविशेषण (B) गुणवाचक

(C) परिमाणवाचक (D) संख्यावाचक



BiharboardQuestionpaper.com

17. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म.......................जिले में हुआ।

(A) जमुई (B) मुजफ्फरपुर

(C) बेगूसराय (D) सीतामढ़ी

18. स्वामी विवेकानंद ने 'वेदान्तियों का वेदान्ती' किसे कहा है?

(A) टी. एस. इलियट को (B) दयानंद सरस्वती को

(C) मैक्स मूलर को (D) राजा राममोहन राय को

19. 'लिखाई' में कौन – सा प्रत्यय है?

(A) ई (B) आई

(C) खाई (D) आई

20. 'जित – जित मैं निरखत हूँ' पाठ की विधा है –

(A) साक्षात्कार (B) निबंध

(C) कहानी (D) काव्य

21. शुद्ध शब्द है –

(A) अभिलाषा (B) अभीलाषा

(C) अभिलासा (D) अभीलासा

22. स्वर – संधि का उदाहरण नहीं है –

(A) गिरीश (B) महेन्द्र

(C) एकैक (D) वाग्पति


BiharboardQuestionpaper.com

23. लेखक के घर में मछली कौन खाता था?

(A) लेखक (B) पिता

(C) माँ (D) बहन

24. 'अधर्म' में कौन – सा उपसर्ग है?

(A) अ (B) अध

(C) अधः (D) अर्म

25. 'सब पुराने अच्छे नहीं होते, सब नए खराब नहीं होते' यह उक्ति है –

(A) विवेकानंद की (B) रामकृष्ण परमहंस की

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी की (D) कालिदास की

26. रामधारी सिंह दिनकर रचित पाठ है –

(A) हिरोशिमा (B) जनतंत्र का जन्म

(C) भारत माता (D) मछली

27. साँवर दइया..........भाषा के सफल कहानीकार हैं।

(A) हिन्दी (B) मराठी

(C) गुजराती (D) राजस्थानी

28. गुणवाचक विशेषण है –

(A) तीन किलो (B) चार

(C) अधिक (D) अच्छा


BiharboardQuestionpaper.com

29. साहित्य के निर्माण में प्रतिभाशाली मनुष्यों की..................भूमिका है।

(A) नगण्य
(B) निर्णायक
(C) नकारात्मक
(D) इनमें से कोई नहीं

30. तीन वेटे की माँ है –

(A) मंगम्मा
(B) सीता
(C) लक्ष्मी
(D) पाप्पाति

31. लेखक के रिश्तेदार ने बहादुर पर क्या आरोप लगाए?

(A) पैसे चुराने का
(B) गहने चुराने का
(C) अंगूठी चुराने का
(D) मोती चुराने का

32. घनानंद कवि हैं –

(A) रीतिमुक्त
(B) रीतिबद्ध
(C) रीतिसिद्ध
(D) छायावादी

33. 'नौबत खाने में इबादत' पाठ के केन्द्र में हैं –

(A) बिरजू महाराज
(B) बिस्मिल्ला खाँ
(C) जाकिर हुसैन
(D) इनमें से कोई नहीं

34. निम्नलिखित में सर्वनाम है –

(A) वह
(B) अच्छा
(C) मोहन
(D) माता – पिता


BiharboardQuestionpaper.com

35. अशुद्ध शब्द है –

(A) कर्तव्य (B) श्रंगार

(C) रोशनी (D) दुरात्मा

36. अव्ययीभाव समास में.....................पद प्रधान होता है।

(A) पूर्व (B) उत्तर

(C) दोनों (D) सभी

37. द्वंद्व समास है –

(A) दशानन (B) प्रेमसागर

(C) दिन – रात (D) प्रतिदिन

38. ललित निबंध है –

(A) मछली (B) नाखून क्यों बढ़ते हैं

(C) बहादुर (D) नौवत खाने में इबादत

39. कविता नहीं है –

(A) एक वृक्ष की हत्या (B) लौटकर आऊँगा फिर

(C) नौबतखाने में इबादत (D) हमारी नींद



BiharboardQuestionpaper.com

40. 'अति सूधो सनेह को मारग है, जहाँ नेकु सयानप बाँक नहीं।' यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) गुरुनानक
(B) प्रेमधन
(C) रसखान
(D) घनानंद

41. खोखा के दाँत किसने तोड़े?

(A) मदन ने
(B) मदन के दोस्त ने
(C) सेन साहब ने
(D) गिरधर ने

42. जारशाही.........................में थी।

(A) सोवियत रूस
(B) फ्रांस
(C) नेपाल
(D) चीन

43. फ्रांस का प्रमुख कला केन्द्र रहा है –

(A) एफिल टावर
(B) आविन्यो
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

44. द्रव्यवाचक संज्ञा का उदाहरण है –

(A) गुच्छा
(B) तेल
(C) शहर
(D) कक्षा

45. हिन्दी के आदि कवि हैं –

(A) चंदबरदाई
(B) अमीर खुसरो
(C) विहारीलाल
(D) सरहपाद


BiharboardQuestionpaper.com

46. जन्म से ही पागल है –

(A) लक्ष्मी
(B) पाप्पाति
(C) सीता
(D) मंगु

47. 'तार – सप्तक' का संपादन किया –

(A) जयशंकर प्रसाद ने
(B) महादेवी वर्मा ने
(C) राम इकबाल सिंह 'राकेश' ने
(D) 'अज्ञेय' ने

48. नलिन विलोचन शर्मा का जन्म..............ई. में हुआ।

(A) 1914
(B) 1915
(C) 1916
(D) 1917

49. रंगप्पा था –

(A) जुआरी
(B) व्यापारी
(C) वकील
(D) किसान

50. तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है –

(A) राजपुत्र
(B) पवनपुत्र
(C) वनवास
(D) चौराहा


BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड –ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। (5×2=10)

(क) आत्मनिर्भरता प्रगति की आधारशिला है और आत्मविश्वास का मूल है। जो व्यक्ति समाज में अपने सारे कार्य स्वयं करता है, जरूरत पड़ने पर दूसरों की सहायता करता है, वह उन्नति की दौड़ में सबसे आगे रहता है। अपने दैनिक जीवन के सारे कार्य स्वयं ही करना मनुष्य के लिए अत्यावश्यक है। अपने कार्य के लिए दूसरे पर निर्भर रहने वाला व्यक्ति पिछड़ जाता है, उन्नति नहीं कर सकता। सौंपे गए कार्य को पुनीत दायित्व समझकर करना चाहिए, इससे व्यक्ति स्वावलंबी बनता है। स्वावलंबी व्यक्ति सिंह के समान परिश्रमी होता है एवं सामाजिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होता है। उसे धन की कमी नहीं रहती। वह अंपनी ही भुजाओं से सारी सुख – सुविधाओं को जुटाने में सक्षम होता है। परिणामतः आत्मनिर्भर व्यक्ति उन्नति के शिखर पर पहुँच जाता है ।

(i) व्यक्ति की प्रगति की आधारशिला क्या है?

(ii) उन्नति की दौड़ में सबसे आगे कौन रहता है?

(iii) व्यक्ति आत्मनिर्भर कब बनता है?

(iv) सामाजिक व मानसिक रूप से स्वस्थ कौन होता है?

(v) अपनी भुजाओं से सुख सुविधाएँ जुटाने में कौन सक्षम होता है?



BiharboardQuestionpaper.com

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। (5×2=10)

(ख) कोई भी शासक अपना प्रभुत्व जमाने के लिए जनता में एकता नहीं चाहता, इसलिए अंग्रेजों ने भारत में राज करने के लिए सर्वप्रथम यहाँ की एकता खंडित की। सनातन मूल्यों, आदर्शों और प्रतिमानों को नष्ट – भ्रष्ट किया। भारत की वैज्ञानिक संस्कृति के प्रति सुनियोजित तरीके से अनास्था के भाव उत्पन्न किए। भोली – भाली जनता को बहकाया गया। उन्होंने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई जिसके कारण वह लगभग दो सौ वर्षों तक भारत पर शासन करते रहे। साथ ही, भारत में धर्मों व जातियों में दंगे भड़काते रहे। वह विभिन्न धर्मों के बीच वैमनस्य की दीवार खड़ी करते रहे। अतंतः वह भारत के स्वतंत्र होने पर भी अखंडता समाप्त करके ही गए। भारत का विभाजन अंग्रेजों की नीति का एक हिस्सा है। उन्होंने आजादी के पूर्व जो आग लगाई थी, प्रत्यक्ष– अप्रत्यक्ष रूप से उसमें हम आज भी झुलस रहे हैं। परिणामतः हमें आज जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर मिलजुलकर रहना चाहिए।

(i) अंग्रेजों ने भारत की एकता खंडित क्यों की?

(ii) अंग्रेजों ने हम पर किस प्रकार शासन किया?

(iii) अंग्रेजों ने भारतवर्ष पर लगभग कितने दिनों तक शासन किया?

(iv) अंग्रेजों ने भारतवर्ष में कौन सी नीति अपनाई?

(v) इस विषम परिस्थिति में हमें क्या करना चाहिए?



BiharboardQuestionpaper.com

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें प्रत्येक प्रश्न दो (5×2=10) अंकों का होगा ।

(क) विश्व विख्यात मैक्स मूलर का जन्म जर्मनी के डेसाउ नामक नगर में 6 दिसम्बर 1823 ई. में हुआ था। जब वे चार वर्ष के हुए, उनके पिता विल्हेम मूलर की मृत्यु हो गई। पिता की मृत्यु के बाद उनके घर की आर्थिक स्थिति बड़ी दयनीय हो गई। बावजूद इसके उनकी शिक्षा – दीक्षा बाधित नहीं हुई। बचपन में ही वे संगीत के अतिरिक्त ग्रीक और लैटिन भाषा में निपुण हो गए। लैटिन भाषा में कविताएँ भी लिखने लगे। 18 वर्ष की उम्र में उन्होंने संस्कृत का अध्ययन प्रारंभ किया। स्वामी विवेकानंद ने उन्हें 'वेदांतियों का भी वेदांती' कहा है। भारत के प्रति उनका अनुराग जग जाहिर है।

(i) मैक्स मूलर का जन्म कहाँ और कब हुआ था?

(ii) वे कितने वर्ष के थे? जब उनके पिता की मृत्यु हुई थी?

(iii) पिता के मरने के बाद उनके घर की आर्थिक स्थिति कैसी हो गई?

(iv) उनकी दयनीय आर्थिक स्थिति का उनकी शिक्षा – दीक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा?

(v) स्वामी विवेकानंद ने उन्हें क्या कहा?


BiharboardQuestionpaper.com

अथवा

(ख) मनुष्य को सुख पहुँचाने वाली वस्तुओं की कमी है। इसलिए अधिक मशीन बैठाकर उत्पादन में वृद्धि करने की जरूरत है। धन में वृद्धि करने और बाह्य उपकरणों की ताकत बढ़ाने की जरूरत है। बड़े – बड़े नेता के इस विचार से असहमति जताते हुए एक बूढ़ा ने कहा–बाहर नहीं, भीतर की ओर देखो। हिंसा को मन से दूर करो, मिथ्या को हटाओ, क्रोध और द्वेष को दूर करो, लोक के लिए कष्ट सहो, आराम की बात मत सोचो, प्रेम की बात सोचो, काम करने की बात सोचो। क्योंकि प्रेम ही बड़ी चीज है और यह हमारे भीतर है। 'स्व' के नियंत्रण से प्रेम पुष्ट होता है। biharboardquestionpaper.com

(i) मनुष्य को सुख देने वाली वस्तुओं के अभाव को दूर करने के लिए नेताओं ने कौन कौन से सुझाव दिए?

(ii) इस पर बूढ़ा व्यक्ति ने क्या कहा?

(iii) बूढ़ा के अनुसार सबसे बड़ी चीज क्या है?

(iv) प्रेम का वास कहाँ है?

(v) प्रेम कैसे पुष्ट होता है?

Biharboardquestionpaper.com

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत – बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250 – 300 शब्दों में निबंध लिखें – (10)

(क) भ्रष्टाचार

(i) भूमिका

(ii) भ्रष्टाचार के कारण

(iii) भ्रष्टाचार का स्वरूप

(iv) भ्रष्टाचार के निवारण के उपाय

(v) निष्कर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) गरीबी

(i) भूमिका

(ii) गरीबी के कारण

(iii) गरीबी उन्मूलन के उपाय

(iv) निष्कर्ष

(ग) मेरा प्रिय लेखक

(i) भूमिका

(ii) लेखक की विशेषता

(iii) निष्कर्ष

(घ) अनुशासन

(i) भूमिका

(ii) अनुशासन का महत्व

(iii) अनुशासनहीनता के दुष्प्रभाव

(iv) निष्कर्ष

(ङ) होली का त्यौहार

(i) भूमिका

(ii) होली मनाने का कारण

(iii) भाईचारे का प्रतीक

(iv) निष्कर्ष


BiharboardQuestionpaper.com

4. प्रधानाध्यापक के पास परीक्षा शुल्क माफी के लिए आवेदन पत्र लिखें। (5)

अथवा

जनसंख्या विस्फोट के परिणाम पर दो छात्रों के बीच संवाद लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 – 30 शब्दों में दें – (5×2=10)

(क) लक्ष्मी कौन थी?

(ख) मंगम्मा का अपनी बहू के साथ किस बात को लेकर विवाद था?

(ग) खोखा किन मामलों में अपवाद था?

(घ) सच्चे भारत के दर्शन कहाँ हो सकते हैं?

(ङ) बहादुर अपने घर से क्यों भागा था?

(च) भारतमाता अपने ही घर में प्रवासिनी क्यों बनी हुई हैं?

(छ) परहित के लिए देह धारण कौन करता है?

(ज) वाणी कब विष के समान हो जाती है?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए (शब्द सीमा लगभग 100) (5)

(क) परंपरा का ज्ञान किनके लिए सबसे अधिक आवश्यक है, और क्यों?

(ख) अर्थ स्पष्ट करें –

बचाना है
नदियों को नाला हो जाने से
हवा को धुआँ हो जाने से
खाने को जहर हो जाने से

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..
BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com